राज्य शहरी आजीविका मिशन, (एस०यू०एल०एम०) उ०प्र०
(राज्य नगरीय विकास अभिकरण,– सूडा उ.प्र.)
7/23, सेक्टर–7, गोमती नगर विस्तार, निकट डायल 100, गोमती नगर, लखनऊ 226027
e-mail:nulmup@gmail.com website:www.sudaup.org

पत्रांक 1070/241/NULM/तीन/2001/EST&P-NSDC-2017-18-SSC दिनांक 15/02/2019

सेवा में,

1. जिलाधिकारी/अध्यक्ष,
   जिला नगरीय विकास अभिकरण,
   जनपद–हरदोई, औरैया, इटावा, मेरठ, सुल्तानपुर, बदायूँ, चित्रकूट एवं गाजियाबाद।
2. सिटी प्रोजेक्ट ऑफिसर/परियोजना निदेशक,
   शहर मिशन प्रबन्धन इकाई/ जिला नगरीय विकास अभिकरण,
   शहर– हरदोई, औरैया, इटावा, मेरठ, सुल्तानपुर, बदायूँ, चित्रकूट एवं लोनी।

विषयः–DAY-NULM के घटक EST&P के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 के लक्ष्यों के सापेक्ष NSDC Partner संस्थाओं द्वारा किये गये कौशल प्रशिक्षण की प्रथम किश्त (30%) के भुगतान के संबंध में।

महोदया/महोदय,

दीनदयाल अन्त्योदय योजना–राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन (DAY-NULM) के घटक कौशल प्रशिक्षण एवं सेवायोजन के माध्यम से रोजगार (EST&P) के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2017–18 में कौशल प्रशिक्षण हेतु NSDC Partner संस्थाओं को उक्त शहरों में लक्ष्य का आवंटन किया गया, जिसके सापेक्ष प्रशिक्षण भी पूर्ण हो चुका है। अवगत कराना है कि अभिकरण द्वारा दिनांक 10.08.2018 को उक्त शहरों को प्रथम किश्त (30%) अवमुक्त की जा चुकी है।

मुख्यालय स्तर पर आयोजित मासिक समीक्षा बैठकों एवं NSDC Partner संस्थाओं से प्राप्त हो रही मेल द्वारा यह संज्ञान में आ रहा है कि उक्त शहरों में NSDC Partner संस्थाओं को प्रथम किश्त (30%) का भुगतान नहीं हुआ है, परिणामस्वरुप असेसमेन्ट प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। असेसमेंन्ट प्रक्रिया के सुचारु रुप से सम्पन्न न होने के कारण लाभार्थियों को सर्टिफिकेट प्राप्त नहीं हो पा रहा है, जिसके दृष्टिगत आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा इसके लिए गहरी अप्रसन्नता व्यक्त की जा रही है।

अतः आपसे अनुरोध है कि संबंधित जनपद के परियोजना अधिकारी को निर्देशित करने का कष्ट करें कि परीक्षणोपरान्त, नियमानुसार प्रथम किश्त (30%) का भुगतान कराना सुनिश्चित करें।

भवदीय

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक

प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचना एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. संबंधित शहरों के परियोजना अधिकारी, डूडा उ0प्र0।
2. सहायक वेबमास्टर, सूडा उ0प्र0 को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

(उमेश प्रताप सिंह)
मिशन निदेशक